(ग) कार्य के पूरा होने में संदेह हो, उसे कहते हैं-

पूर्ण भूतकाल ◯ अपूर्ण भूतकाल ◯ संदिग्ध भूतकाल

(घ) कार्य के आने वाले समय में होने का बोध होता है-

भविष्यत् काल से ◯ भूतकाल से ◯ वर्तमान काल से

2. सही वाक्यों के सामने सही (✓) तथा गलत वाक्यों के सामने गलत (✗) का निशान लगाइए-

(क) काल से क्रिया के होने के समय का बोध होता है।

(ख) काल के मुख्यत: तीन भेद होते हैं।

(ग) आने वाले समय को वर्तमान काल कहते हैं।

(घ) भविष्यत् काल के दो उपभेद हैं।

(ङ) भविष्यत् काल के चार उपभेद हैं।

3. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

भविष्यत् काल अपूर्ण भूतकाल हेतुहेतुमद

(क) क्रिया के संपन्न होने या संपन्न करने का समय ________ कहलाता है।

(ख) ________ में क्रिया के बीते हुए समय में होने का पता चलता है।

(ग) ________ वर्तमान से क्रिया के अभी चल रहे समय में होने का पता चलता है।

(घ) ________ काल से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध होता है।

(ङ) ________ भविष्यत् में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर करता है।

4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-

(क) हम लालकिला देखने जाएँगे। (वर्तमानकाल)

____

(ख) आशु खेल रहा है। (भूतकाल)

____

(ग) संचित नाश्ता कर रहा था। (भविष्यत्काल)

____

(घ) कामना कल दिल्ली जाएगी। (वर्तमान काल)

____

5. निम्नलिखित क्रियापदों को रेखांकित कीजिए तथा काल का भेद भी बताइए-

(क) हम कल पिकनिक पर गए थे। ________

(ख) पिताजी छत पर हैं। ________

(ग) उसकी बस छूट गई होगी। ________

(घ) बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। ________

(ङ) तुम्हें वहाँ पुरस्कार मिला होगा। ________

मौखिक प्रश्न

6. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए–**

(क) काल के भेदों के नाम बताइए।

(ख) आसन्न भूतकाल किसे कहते हैं?

(ग) अपूर्ण वर्तमान को समझाइए।

(घ) भविष्यत् काल के कितने भेद हैं?

लिखित प्रश्न

7. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) काल की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) वर्तमान काल के तीनों भेदों को उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) भूतकाल की परिभाषा लिखिए।

(घ) सामान्य भविष्यत् काल किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

रचनात्मक कौशल

प्रत्येक काल के वाक्य का एक-एक उदाहरण लिखिए–

सामान्य भूतकाल ____________________

सामान्य वर्तमान काल ____________________

संभाव्य भविष्यत् काल ____________________

निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के काल और भेद का नाम लिखिए–

	काल	भेद
(क) राहुल पढ़ रहा है।	________	________
(ख) रिया कहानी सुन चुकी है।	________	________
(ग) माली पौधों को पानी दे रहा होगा।	________	________